[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, बुधवार, 24 जून 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 242, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

जिस तरह जौहरी ही असली हीरे की पहचान कर सकता है, उसी तरह गुणी ही गुणवान की पहचान कर सकता है।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

विश्व संगीत दिवस पर.... 02

03 संघर्ष से समाधान तक ...

## खबर संक्षेप

### विवाहिता का पीछा कर परेशान करने और फोटो वायरल करने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** बाघपुरा थाना पुलिस ने एक विवाहिता का लगातार पीछा कर उसे परेशान करने तथा सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की हरकतों से परेशान होकर दंपति ने आत्मघाती कदम उठाने का भी प्रयास किया था। पुलिस के अनुसार पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विवाह के बाद से आरोपी मतीन अहमद पुत्र खलीद अहमद निवासी हाथीपोल क्षेत्र उनकी पत्नी का पीछा कर रहा था। आरोपी सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी देता था तथा अभद्र टिप्पणियां कर परेशान करता था। बार-बार की प्रताड़ना से परेशान होकर पति-पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी विवेकसिंह के सुपरविजन में बाघपुरा थानाधिकारी बेलाराम के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी मतीन अहमद, उम्र 22 वर्ष, निवासी बागर गली-2, थाना हाथीपोल, उदयपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर आगे की जांच शुरू की गई है।

**साइबर ठगी में इस्तेमाल बैंक खाते का खुलासा:**

### मूल खाताधारक और कमीशन पर खाता लेने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डबोक थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में उपयोग किए गए मूल बैंक खाते के खाताधारक तथा कमीशन पर खाता लेने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त कर मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल एवं पुलिस उप अधीक्षक श्रवण कुमार के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी गोपालनाथ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। साइबर ठगी से जुड़े प्रकरण संख्या 78/2026 की जांच के दौरान पुलिस को बैंक खाते के माध्यम से धोखाधड़ी की रकम के लेन-देन की जानकारी मिली थी। जांच के आधार पर पुलिस ने बंशीलाल डांगी पुत्र भैरूलाल, उम्र 25 वर्ष, निवासी सांगवा थाना घासा तथा भूपेन्द्र कुमार जोशी पुत्र हरीशंकर जोशी, उम्र 33 वर्ष, निवासी चारभुजा मंदिर के पीछे, गुड़ली थाना डबोक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि बंशीलाल ने अपने नाम से चालू बैंक खाता खुलवाकर उसकी बैंक किट, एटीएम कार्ड, चेकबुक, नेट बैंकिंग आईडी और पासवर्ड भूपेन्द्र जोशी तथा उसके साथियों को कमीशन के बदले उपलब्ध कराए थे। पुलिस के अनुसार उक्त खाते के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में साइबर अपराध से संबंधित कुल 54 शिकायतें दर्ज हैं। जांच में यह भी सामने आया कि खाते में लगभग 3 लाख 76 हजार 770 रुपये की साइबर ठगी की राशि जमा कराई गई थी। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका और साइबर गिरोह के नेटवर्क की जांच की जा रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी गोपालनाथ, उप निरीक्षक मुकेश कुमार, कांस्टेबल विकास तथा कांस्टेबल निखिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### टीएडी कॉलेज छात्रावासों में प्रवेश हेतु 29 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जनजाति क्षेत्रीय विकास (टीएडी) विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभागीय कॉलेज छात्रावासों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की संशोधित तिथियां जारी की है। संशोधित आदेश के अनुसार अब रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी 29 जून सोमवार तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि संबंधित जिला कार्यालय 3 जुलाई 2026 तक वरीयता सूची जारी कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

## यमुना जल परियोजना को लेकर दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक

# राजस्थान को जल्द मिलेगा हिस्से का पानी किसानों और आमजन को होगा बड़ा लाभ

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ यमुना जल परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। बैठक में परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समझौता ज्ञापन (एमओए) के महत्वपूर्ण बिंदुओं को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही किशाऊ बांध परियोजना से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण और जल प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए राज्यों के बीच समन्वय स्थापित कर जल संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यमुना जल परियोजना को दीर्घकालिक और प्रभावी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। परियोजना के तहत पारंपरिक नहर प्रणाली के बजाय पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का प्रस्ताव है, जिससे जल संरक्षण सुनिश्चित होने के साथ-साथ वितरण व्यवस्था भी अधिक प्रभावी और व्यापक होगी।







बैठक में किशाऊ बांध परियोजना पर भी चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस परियोजना से जुड़े छह राज्यों के बीच लंबित मुद्दों का समाधान हो चुका है और शीघ्र ही इससे संबंधित समझौता ज्ञापन भी किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इन प्रयासों से भविष्य में जल संबंधी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा तथा राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित अन्य राज्यों को भी इसका लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यमुना जल परियोजना राजस्थान, विशेषकर शेखावाटी क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा लाखों लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र और हरियाणा सरकार के सहयोग से इस परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दशकों से लंबित परियोजनाओं को गति मिल रही है और राज्यों के बीच जल विवादों एवं जल प्रबंधन से जुड़े विषयों का सकारात्मक समाधान निकल रहा है। राजस्थान लंबे समय से अपने हिस्से के यमुना जल की मांग कर रहा था और अब इस दिशा में ठोस प्रगति हो रही है।

उन्होंने कहा कि यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन से राजस्थान को शीघ्र ही अपने हिस्से का पानी प्राप्त होगा। इससे किसानों, उद्योगों और आमजन को व्यापक लाभ मिलेगा। साथ ही प्रदेश में जल प्रबंधन व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में भी मदद मिलेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करना सरकारों की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रेणुका, लखवार और किशाऊ जैसी परियोजनाओं के क्रियान्वयन से मिलने वाले पानी का लाभ राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा के लोगों को मिलेगा। बैठक में वर्षा जल के बेहतर उपयोग और उसके प्रभावी प्रबंधन पर भी चर्चा की गई। बैठक में केंद्र सरकार, राजस्थान के जल संसाधन विभाग तथा हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर राजीव द्विवेदी ने की सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

### फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना हमारा दायित्वः राजीव द्विवेदी

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** राजस्थान सरकार के 15 विभागों की 25 फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम राजीव द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में की। उन्होंने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना हमारा दायित्व है। उन्होंने जिला रसद अधिकारी प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण को निर्देशित किया कि वे पात्र नवीन परिवारों को एनएफएसए से लाभान्वित करने हेतु ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में उपखण्ड अधिकारी व विकास अधिकारी कार्यालयों में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लाडो प्रोत्साहन




योजना के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में मिले 125 लक्ष्य के विरूद्ध 776 जल संरचनाओं का निर्माण करने पर प्रसन्नता व्यक्त करी। वहीं लखपति दीदी योजना में 95 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने पर उन्होंने विभागीय अधिकारी को शीघ्र शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित करने के लिए कहा। वहीं उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को अटल प्रगति पथ योजना के तहत आवंटित लक्ष्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लक्ष्य भी प्रदान किए हैं। उन्होंने इस दौरान अन्य सभी विभागीय अधिकारियों को ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में उपस्थित रहकर उनके विभाग से संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं में यथासंभव लंबित कार्य पूर्ण कराकर प्रगति लाने के निर्देश प्रदान किए हैं।

उन्होंने इस दौरान कुसुम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयानी, सीपीओ डॉ. सुदीप कुमावत सहित संबंधित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## म्यूजिक हीलिंग थेरेपी से विद्यार्थियों ने सीखा तनाव प्रबंधन



**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आईसीए उदयपुर एवं श्रुति द स्कूल ऑफ म्यूजिक के संयुक्त तत्वावधान में म्यूजिक हीलिंग थेरेपी सेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक, भावनात्मक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देना रहा। संगीत गुरु पंडित नरेंद्र कुमार ब्यावत एवं श्रुति द स्कूल ऑफ म्यूजिक की निदेशक शिखा बहल ने संगीत के माध्यम से तनाव कम करने, भावनात्मक संतुलन बनाए रखने तथा एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने के उपाय बताए। आईसीए उदयपुर की निदेशक मधु औदीच्य ने बताया कि विद्यार्थियों को संगीत के जरिए जीवन में अनुशासन, सकारात्मक सोच और संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। गुंजन औदीच्य ने बताया कि सेशन में संगीत आधारित थेरेपी के लाभों और उसके सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## व्यवसायी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में 10 हजार रुपये की इनामी महिला गिरफ्तार, चार साल से थी फरार

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सुखेर थाना पुलिस ने व्यवसायी को आत्महत्या के लिए उकसाने के चर्चित मामले में चार वर्षों से फरार चल रही 10 हजार रुपये की इनामी महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले से की गई है। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा एवं वृत्ताधिकारी राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 4 जुलाई 2022 को अनिश गलुंडिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 जून 2022 की शाम उसके भाई पियूष गलुंडिया ने अपने मित्र सुनील भंडारी के घर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटनास्थल से दो सुसाइड नोट बरामद हुए थे। सुसाइड नोट की जांच में सामने आया कि दक्षिण विस्तार योजना निवासी टीना राठौड़ द्वारा झूठे आरोप लगाकर लगातार




मानसिक प्रताड़ना देने के कारण पियूष गलुंडिया ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। मामले में प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी महिला लगातार फरार चल रही थी। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। लगातार तलाश और तकनीकी विश्लेषण के बाद पुलिस को आरोपी के मध्यप्रदेश में छिपे होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले स्थित पिपलिया मंडी क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी टीना को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को उदयपुर लेकर आई, जहां उससे मामले में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी टीना पत्नी सुनील राठौड़, निवासी आगर मालवा, मध्यप्रदेश है। वर्तमान में वह पिपलिया मंडी, जिला मंदसौर में रह रही थी।

### नवीन स्थायी आधार केन्द्रों एवं सीईएलसी केन्द्रों हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई


**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला स्तरीय आधार कमेटी ने जिले में नवीन स्थायी आधार केन्द्रों एवं सीईएलसी केन्द्रों की स्थापना के तहत आधार नामांकन एवं बाल आधार नामांकन केन्द्रों पर ऑपरेटरों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे।

## लूट के लिए की गई हत्या का 6 घंटे में खुलासा: दो आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर लूटने के लिए उतारा था मौत के घाट

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जैसलमेर।** जिले के मोहनगढ़ क्षेत्र में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का जैसलमेर पुलिस ने मात्र छह घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने ट्रैक्टर लूटने के उद्देश्य से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है तथा मामले में विस्तृत अनुसंधान जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देशन में मोहनगढ़ क्षेत्र में हुई हत्या की घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। 20 जून 2026 को सूचना मिली थी कि सरहद बोहा क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है तथा पास में ट्रैक्टर के टायरों के निशान दिखाई दे रहे हैं। हत्या की आशंका के चलते पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पहचान कराई। मृतक की पहचान अमरचंद के रूप में हुई। इसके बाद मृतक के पुत्र राकेश सैनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता की हत्या कर ट्रैक्टर लूट लिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जैसलमेर रेवंतदान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण प्रवीण कुमार तथा वृत्ताधिकारी गजेन्द्रसिंह चम्पावत के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन किया गया। एफएसएल और एमओबी टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए। मोहनगढ़ और पीटीएम थाना पुलिस, डीएसटी तथा अन्य टीमों




ने तकनीकी विश्लेषण, सूचना संकलन और सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने विभिन्न सुरागों को जोड़ते हुए मात्र छह घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने लूट की नीयत से हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपियों में हरदीप सिंह उर्फ काला पुत्र सतनाम सिंह तथा मलकार सिंह उर्फ राजासिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, दोनों निवासी पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर शामिल हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से वारदात के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है तथा मामले की विस्तृत जांच जारी है। इस कार्रवाई में मोहनगढ़ थानाधिकारी डॉ. गीता विश्नोई, पीटीएम थानाधिकारी प्रेमाराम, डीएसटी प्रभारी भीमराव सिंह सहित विभिन्न पुलिस टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### राहगीर से लूट का खुलासा: तीन बाल अपचारी निरुद्ध, लूटा गया मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** बाघपुरा थाना पुलिस ने राहगीर से लूट के मामले का खुलासा करते हुए तीन बाल अपचारियों को निरुद्ध किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार आमड़ा निवासी जिग्नेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने रिश्तेदार के घर जाने के लिए पैदल जा रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसे अपने साथ बैठा लिया और सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की तथा उसका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी विवेकसिंह के सुपरविजन में बाघपुरा थानाधिकारी बेलाराम के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण एवं सूचना तंत्र की सहायता से तीनों बाल अपचारियों को निरुद्ध कर लिया। उनकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# विश्व संगीत दिवस पर शायराना उदयपुर परिवार का भव्य संगीत समारोह संपन्न

## शास्त्रीय, सूफी, लोक एवं फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, प्रदेशभर के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**उदयपुर।** विश्व संगीत दिवस के अवसर पर शायराना उदयपुर परिवार द्वारा ऐश्वर्या कॉलेज में भव्य संगीत प्रतियोगिता एवं संगीत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उदयपुर सहित नागौर, प्रतापगढ़, राजसमंद, नाथद्वारा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, भीलवाड़ा एवं कपासन से आए कलाकारों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रताप गौरव केंद्र के निदेशक डॉ. अनुराग सक्सेना थे, जबकि अध्यक्षता इतिहासकार डॉ. हुकुमराज जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीतकार मुकेश वैष्णव, जितेंद्र वर्मा एवं डॉ. राकेश माथुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी एवं गायक ललित गोयल ने बताया कि शायराना उदयपुर परिवार पिछले 15 वर्षों से साहित्य एवं संगीत के क्षेत्र में निःशुल्क कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है। संस्था से राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के कलाकार जुड़े हुए हैं। समारोह में शास्त्रीय गायन, गजल, दोहे, छंद, लोकगीत, सूफी गीत, भजन, फिल्मी गीत तथा वाद्य प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतकार मुकेश वैष्णव ने तानपूरे के साथ उपशास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। डॉ. राकेश माथुर ने विभिन्न रागों पर आधारित प्रस्तुति देकर श्रोताओं को प्रभावित किया, वहीं नागौर के संगीतकार जितेंद्र वर्मा ने शास्त्रीय संगीत के साथ बांसुरी वादन प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. अनुराग सक्सेना ने शायराना उदयपुर परिवार को नई पीढ़ी के लिए संगीत का सशक्त केंद्र बताते हुए कलाकारों को राज्य स्तरीय आयोजनों में अवसर देने तथा अनुभवी संगीत विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला आयोजित कर प्रतिभाओं को और निखारने की घोषणा की। निर्णायक मंडल में मुकेश वैष्णव, डॉ. राकेश माथुर एवं जितेंद्र वर्मा ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। उन्होंने शायराना उदयपुर परिवार को संगीत और संस्कृति के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। प्रतियोगिता में पंकज वीरवाल ने प्रथम, राजसमंद के कुमार दिनेश ने द्वितीय तथा हेमा जोशी एवं नीलम कौशिक ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र, उपहार एवं शायराना उदयपुर परिवार की निःशुल्क सदस्यता प्रदान की गई।

समारोह का संचालन साहित्यकार आभा सिरसीकर ने छंद, दोहों, शेर-ओ-शायरी और मुक्तकों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से किया। डॉ. हुकुमराज जोशी ने संगीत और समाज के संबंधों पर विचार व्यक्त करते हुए संगीत को संस्कृति एवं सभ्यता का दर्पण बताया। संस्थापक मनोज गीतांकर ने कहा कि शायराना उदयपुर परिवार साहित्य और संगीत के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का उपरणा एवं पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हेमंत सूर्यवंशी, लक्ष्मी आसवानी, जयकिशन आसवानी, डॉ. विमल शर्मा, अजीत सिंह खींची, एकता नागदा, एस.डी. कौशल, नीलम कौशिक, भव्या अरोड़ा, दीक्षा नाथ राठौड़, कमलेश कुमावत, एच. काजी, जिग्नेश शर्मा सहित अनेक कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने सहभागिता निभाई।

# भव्य शोभायात्रा और महाआरती के साथ संपन्न हुआ माहेश्वरी समाज का महेश नवमी महोत्सव





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के अवसर पर श्री सकल माहेश्वरी समाज, राजसमंद के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय कार्यक्रमों का समापन रविवार को भव्य शोभायात्रा, महाआरती एवं स्नेह भोज के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान समाजबंधुओं में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

महेश्वरी सेवा समिति के सचिव प्रदीप लड्ढा ने बताया कि समापन अवसर पर विश्वंभर महादेव मंदिर में अभिषेक के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा किशोर नगर, कलालवाटी, गणेश चौक, दानी चबूतरा एवं फव्वारा चौक सहित विभिन्न मार्गों से होकर माहेश्वरी भवन पहुंची। यात्रा में शिव परिवार, राम दरबार और बफार्नी शिवलिंग की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। महादेव की प्रतिमा, सुसज्जित घोड़े तथा भजनों की धुन पर युवा उत्साहपूर्वक नृत्य करते हुए शामिल हुए।

शोभायात्रा में पुरुष सफेद परिधान एवं महिलाएं केसरिया वेशभूषा में भगवान महेश के जयकारे लगाते हुए शामिल हुईं। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। माहेश्वरी भवन पहुंचने पर भगवान महेश की महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ।

कार्यक्रम में विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, जिला अध्यक्ष विष्णु सोमानी, माहेश्वरी सेवा समिति अध्यक्ष महेंद्र देवपुरा, सचिव प्रदीप लड्ढा, महेश प्रगति संस्थान अध्यक्ष बृज गोपाल मालू, सचिव गौरव मूंदड़ा, महिला जिला अध्यक्ष चंदा देवपुरा, युवा जिला अध्यक्ष बादल बियानी सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान शिव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत बालिकाओं ने महेश वंदना प्रस्तुत की, वहीं महिलाओं ने एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में भगवान महेश के जयकारों के साथ स्नेह भोज प्रसादी का आयोजन किया गया। मंच संचालन कैलाश निष्कलंक ने किया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत 11 दिनों तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता, तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता, तीन दिवसीय योग शिविर, वृक्षारोपण अभियान, बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्लास्टिक थैलियों का उपयोग नहीं करने का संकल्प भी लिया गया। महेश नवमी महोत्सव में समाज के पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपरा और धार्मिक आस्था का परिचय दिया।

# ग्रामीण सेवा शिविर में मिला भूमि पट्टा, किसान को मिली राहत



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** पंचायत समिति लसाड़िया की ओवरा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक किसान की भूमि पट्टे से जुड़ी समस्या का मौके पर समाधान कर राहत प्रदान की गई। ओवरा निवासी बंशी लाल पुत्र उदयराम गर्ग ने शिविर में बताया कि भूमि पट्टा नहीं होने के कारण उसका बैंक ऋण प्रकरण लंबे समय से लंबित था। मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर मौके पर ही भूमि पट्टा जारी कर दिया। भूमि पट्टा मिलने से बंशी लाल के बैंक ऋण की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया। उन्होंने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए ग्रामीण सेवा शिविरों को आमजन के लिए उपयोगी पहल बताया। शिविर में तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी आमजन की समस्याओं का समाधान किया।

## ग्रामीण सेवा शिविर में वर्षों पुराना भूमि बंटवारा विवाद सुलझा

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** पंचायत समिति झल्लारा की ग्राम पंचायत निम्बोदा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में वर्षों से लंबित संयुक्त कृषि भूमि बंटवारा विवाद का आपसी सहमति से मौके पर ही समाधान किया गया। देवाजी, भागला एवं केशरिया के कृषि भूमि बंटवारे से जुड़े प्रकरण का राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में निस्तारण किया गया। इससे संबंधित परिवारों को भूमि पर स्पष्ट स्वामित्व मिला तथा भविष्य के विवादों की संभावना भी समाप्त हो गई।

# केरल की पहाड़ियों से दबोचा गया 7 साल से फरार 25 हजार का इनामी तस्कर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**जयपुर ।** राजस्थान को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सात वर्षों से फरार 25 हजार रुपये के इनामी तस्कर रणजीत दायमा उर्फ रणजीत बंजारा को केरल से गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन यमलकमली नाम दिया। एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि हाल ही में गिरफ्तार तस्कर रमेश बंजारा से पूछताछ के दौरान मिले सुरागों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। रणजीत दायमा नीमच जिले के मनासा क्षेत्र का निवासी है और पिछले सात वर्षों से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में मादक पदार्थ तस्करी के मामले दर्ज हैं।

जांच में सामने आया कि रणजीत और रमेश बंजारा आपस में समधी हैं तथा पिछले आठ वर्षों से डोडा-चूरा तस्करी के संगठित नेटवर्क का संचालन कर रहे थे। रमेश जहां तस्करी के सौदों की व्यवस्था करता था, वहीं रणजीत माल की उपलब्धता और सप्लाई की जिम्मेदारी संभालता था। उसे प्रति किलो डोडा-चूरा पर 500 रुपये कमीशन मिलता था। फरारी के दौरान रणजीत केरल के शोरानूर क्षेत्र में कंबल बेचने का व्यवसाय कर रहा था। वह स्थानीय लोगों के बीच पूरी तरह घुल-मिल गया था और मलयालम, कन्नड़ तथा तेलुगु भाषाओं पर अच्छी पकड़ बना चुका था, जिसके कारण उसकी पहचान छिपी रही। एएनटीएफ की टीम ने केरल पहुंचकर कई दिनों तक उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। टीम ने स्थानीय कारीगरों का रूप धारण कर उसके ठिकानों की रेकी की। सूचना मिलने पर नीलयांमती पहाड़ियों के दुर्गम क्षेत्र में विशेष रणनीति के तहत उसे दबोच लिया गया। पुलिस टीम ने ग्राहक बनकर उससे संपर्क किया और मौका मिलते ही उसे गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में मादक पदार्थों की सप्लाई करता था। गिरफ्तारी के बाद उसे राजस्थान लाकर आगे की पूछताछ की जा रही है। महानिरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली एएनटीएफ टीम को सम्मानित किया जाएगा।

# नशे के खिलाफ राजस्थान पुलिस का बड़ा जनजागरण अभियान, 20 स्थानों पर होगी ANTF क्विज प्रतियोगिता

## युवाओं को जागरूक कर नशा मुक्त राजस्थान के संकल्प को मिलेगा नया बल

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नशे के खिलाफ जनजागरूकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (अठळऋ) बुधवार को प्रदेशभर में एक साथ विशेष क्विज प्रतियोगिता आयोजित करेगी। राज्य के 20 प्रमुख स्थानों पर होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।




एएनटीएफ के महानिरीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभिनव अभियान के तहत प्रतिभागियों को नशे के सामाजिक, आर्थिक, कानूनी एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी रोचक और ज्ञानवर्धक तरीके से दी जाएगी। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नशे के खिलाफ सामाजिक आंदोलन का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाएगा। राजस्थान पुलिस का मानना है कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल कानूनी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज की सक्रिय भागीदारी और व्यापक जनजागरूकता भी आवश्यक है। इसी सोच को आधार बनाकर आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं और आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि नशा मुक्ति का संदेश प्रदेश के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच सके। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम नशे के खिलाफ सामाजिक चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राजस्थान पुलिस ने प्रदेशवासियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए संदेश दिया है कि नशे से दूरी ही सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है। नशे को कहें ना, भविष्य को कहें हां के संदेश के साथ यह अभियान नशा मुक्त राजस्थान के संकल्प को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# आज विभिन्न स्थानों पर लगेंगे शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले में बुधवार को शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में आमजन को विभिन्न विभागों की सेवाएं, योजनाओं की जानकारी एवं समस्याओं के समाधान की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। शहरी सेवा शिविर नगर परिषद सभागार में वार्ड संख्या 9 एवं 10 के लिए आयोजित होगा। वहीं ग्रामीण सेवा शिविर खरका, कल्याण कला, बगुरवा, घोड़ासर, बानाकला एवं देवलिया ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे। शिविरों में राजस्व, पंचायतीराज, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, चिकित्सा, कृषि, विद्युत, जलदाय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे और सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएंगे।

## खबर संक्षेप

### ऑथोर्बायोलॉजिक्स तकनीक से हड्डी रोग उपचार में नए आयाम : डॉ. अजय कपूर

**बीकानेर @ पदमावत मीडिया।** हड्डी एवं जोड़ों की बीमारियों के उपचार में



ऑथोर्बायोलॉजिक्स तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। पीबीएम अस्पताल ट्रॉमा सेंटर के ओबीआरसी प्रभारी डॉ. अजय कपूर ने बताया कि यह आधुनिक चिकित्सा पद्धति शरीर की प्राकृतिक उपचार क्षमता का उपयोग कर हड्डियों, मांसपेशियों, टेंडन और लिगामेंट की चोटों के उपचार में मदद करती है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक में मरीज के रक्त या अन्य ऊतकों से प्राप्त जैविक तत्वों का उपयोग कर क्षतिग्रस्त हिस्से के पुनर्जीवन का प्रयास किया जाता है। कई मामलों में जहां पहले सर्जरी आवश्यक होती थी, वहां अब बिना ऑपरेशन के उपचार संभव हो रहा है। डॉ. कपूर के अनुसार ऑस्टियोआर्थराइटिस, गठिया, टेनिस एल्बो तथा खेलकूद के दौरान होने वाली लिगामेंट चोटों में यह तकनीक प्रभावी साबित हो रही है। मरीज के अपने ऊतकों का उपयोग होने से संक्रमण और एलर्जी की संभावना भी बेहद कम रहती है। उन्होंने कहा कि बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में संचालित प्रदेश की पहली ओबीआरसी इकाई में इस पद्धति पर शोध कार्य और उपचार जारी है, जिससे मरीजों को सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में रीजेनरेटिव मेडिसिन के विकास के साथ ऑथोर्बायोलॉजिक्स हड्डी रोग उपचार का महत्वपूर्ण आधार बन सकती है।

### ग्रामीण सेवा शिविर में जन्म प्रमाण पत्र मिलने से लाभार्थी को मिली राहत

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** सराड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत कलात में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में प्रभु पुत्र पूना को जन्म प्रमाण पत्र जारी कर राहत प्रदान की गई। शिविर में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद जन्म प्रमाण पत्र मौके पर ही उपलब्ध कराया




गया। दस्तावेज प्राप्त होने से लाभार्थी को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और आवश्यक दस्तावेज भी समय पर मिल रहे हैं। जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर लाभार्थी एवं उनके परिजनों ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### ग्रामीण सेवा शिविर में पात्र ग्रामीणों को मिली बीमा योजनाओं की पॉलिसियां

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** झल्लारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत निम्बोदा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में पात्र ग्रामीणों को



प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ते हुए मौके पर ही बीमा पॉलिसियां प्रदान की गईं।

शिविर में पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण कर उन्हें योजनाओं के लाभ, पात्रता और बीमा सुरक्षा की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना की स्थिति में 2 लाख रुपये तक का बीमा संरक्षण उपलब्ध कराया जाता है।

शिविर में अधिकारियों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जिससे ग्रामीण परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संघर्ष से समाधान तक महिलाओं की सशक्त आवाज बनीं अधिवक्ता अनीता प्रजापत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** समाज में महिला सुरक्षा, न्याय और सशक्तिकरण की दिशा में कई लोग कार्य कर रहे हैं, लेकिन कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो अपने समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा भाव से अलग पहचान स्थापित करते हैं। अधिवक्ता अनीता प्रजापत, विधिक परामर्शदाता, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना नाई ऐसी ही एक सशक्त महिला हैं, जो महिलाओं को न्याय, आत्मविश्वास और सम्मान के साथ जीवन जीने की राह दिखा रही हैं।

महिलाओं के सामने आने वाली घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, पारिवारिक विवाद, मानसिक उत्पीड़न तथा अन्य सामाजिक चुनौतियां अक्सर उनके जीवन को प्रभावित करती हैं। ऐसे समय में सही कानूनी मार्गदर्शन और संवेदनशील परामर्श उनके लिए नई उम्मीद का आधार बनता है। अधिवक्ता अनीता प्रजापत महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को विधिक परामर्श प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।




केंद्र में आने वाले प्रत्येक मामले को वे गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनती हैं। उनका प्रयास रहता है कि पीड़ित महिलाओं को न केवल कानूनी जानकारी मिले, बल्कि उन्हें मानसिक संबल और आत्मविश्वास भी प्राप्त हो। कई बार उचित संवाद, समझाइश और परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान संभव हो जाता है, वहीं आवश्यक होने पर महिलाओं को कानूनी प्रक्रिया और उपलब्ध सहायता तंत्र की जानकारी भी प्रदान की जाती है।

अधिवक्ता अनीता प्रजापत का मानना है कि महिला सशक्तिकरण का वास्तविक आधार जागरूकता और आत्मनिर्भरता है। जब महिलाएं अपने अधिकारों और कानूनों की जानकारी रखती हैं, तब वे किसी भी प्रकार के अन्याय और उत्पीड़न का मजबूती से सामना कर सकती हैं। इसी उद्देश्य के साथ वे महिलाओं को कानून संबंधी जानकारी देकर उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र में उनकी भूमिका केवल एक विधिक परामर्शदाता तक सीमित नहीं है, बल्कि वे महिलाओं के लिए एक भरोसेमंद मार्गदर्शक और सहयोगी के रूप में भी कार्य कर रही हैं। उनकी कार्यशैली में संवेदनशीलता, निष्पक्षता और मानवीय दृष्टिकोण का समावेश दिखाई देता है, जिसके कारण अनेक महिलाएं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उन पर विश्वास व्यक्त करती हैं।

समाज में बढ़ती जागरूकता के इस दौर में अधिवक्ता अनीता प्रजापत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करने, न्याय के प्रति विश्वास मजबूत करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनका मानना है कि जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मविश्वासी होंगी, तभी एक सुरक्षित, सशक्त और समतामूलक समाज का निर्माण संभव होगा। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना नाई के माध्यम से महिलाओं के हित में किए जा रहे उनके प्रयास न केवल अनेक परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं, बल्कि समाज में महिला सम्मान और न्याय की भावना को भी मजबूत कर रहे हैं। संघर्ष की परिस्थितियों से जूझ रही महिलाओं को समाधान की राह दिखाने का उनका यह समर्पित प्रयास उन्हें महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक मिसाल के रूप में स्थापित करता है।

## खबर संक्षेप

### जिला कलेक्टर ने ग्राम एवं शहरी सेवा शिविरों का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को



खोरिया, रंभावली एवं छोटी सादड़ी में आयोजित ग्राम एवं शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के काउंटरों पर पहुंचकर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक परिवादी की समस्या का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि सेवा शिविरों का उद्देश्य आमजन को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी अश्विन मालू, उपखंड अधिकारी यतींद्र पोरवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिला आबादी भूमि का पट्टा, आदेश योगी का सपना हुआ साकार

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भानपुर कलां, पंचायत समिति जमवारामगढ़ में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर एक परिवार के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। ग्राम पंचायत भानपुर कलां निवासी आदेश योगी पुत्र नाथूलाल योगी लंबे समय से अपने आवासीय भूखंड के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भूमि का पट्टा नहीं होने के कारण उन्हें विभिन्न प्रकार की प्रशासनिक एवं अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी परेशानी आती थी। ग्रामीण सेवा शिविर में उनकी समस्या का समाधान करते हुए आबादी भूमि का पट्टा जारी कर उन्हें लाभान्वित किया गया। पट्टा प्राप्त होने के साथ ही उन्हें अपने मकान एवं भूमि पर कानूनी स्वामित्व का अधिकार प्राप्त हुआ तथा भविष्य में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का मार्ग भी सुगम हो गया। पट्टा प्राप्त करने के बाद आदेश योगी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों की प्रतीक्षा के बाद उन्हें अपने घर का मालिकाना हक मिला है। उन्होंने कहा कि अब वे निश्चिंत होकर अपने घर को अपना कह सकते हैं। आदेश योगी एवं उनके परिवारजनों ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीण सेवा शिविरों को आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बताया।

### 72वीं रैंक के साथ आदित्य का रक्षा सेवा में चयन


**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर के प्रतिभाशाली छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने तकनीकी प्रवेश योजना (टीईएस) परीक्षा में




राष्ट्रीय स्तर पर 72वीं रैंक प्राप्त कर उदयपुर का नाम रोशन किया है। जेईई मुख्य परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और एसएसबी साक्षात्कार में सफलता के बाद उनका चयन सेना के प्रतिष्ठित संस्थान एमसीईएमई-55, सिकंदराबाद में हुआ है। आदित्य चार वर्ष का सैन्य एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर सेवाएं देंगे। आदित्य के पिता डॉ. मोहन सिंह राठौड़ भूपाल नोबल्स महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर हैं, जबकि उनकी माता डॉ. बिन्नू शेखावत राजकीय माध्यमिक विद्यालय मदार में हिंदी व्याख्याता हैं। आदित्य की इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# अमृत 2.0 के कार्यों पर प्रशासन की पैनी नजर, उपखण्ड अधिकारी ने किया शहर का निरीक्षण








पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर ।** अमृत 2.0 योजना के तहत शहर में संचालित पेयजल पाइपलाइन विस्तार एवं आधारभूत विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए उपखण्ड अधिकारी जगदीश चंद्र बामनिया ने विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पी.पी. के निर्देशन में हुए इस निरीक्षण के दौरान कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और निर्धारित मानकों के अनुरूप क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपखण्ड अधिकारी ने बस स्टैंड, गांधी चौक, लोहार गली, बड़ा मोहल्ला, सोनार माता रोड, पाटनपुरा, विलायती वाड़ा सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पाइपलाइन बिछाने के कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, खुदाई के बाद सड़क पुनर्स्थापन तथा आमजन को होने वाली असुविधाओं को न्यूनतम रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पाइपलाइन बिछाने का कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप संतोषजनक पाया गया। वहीं मना की सेर एवं तुलसी विहार क्षेत्र में शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित कार्यकारी एजेंसी को निर्देशित किया गया।

उपखण्ड अधिकारी बामनिया ने कहा कि अमृत 2.0 योजना शहरवासियों को बेहतर पेयजल सुविधा और सुदृढ़ आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ शीघ्रता से आमजन तक पहुंच सके।

निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के कनिष्ठ अभियंता एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से अमोल अहारी सहित मीडिया प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

जिला प्रशासन द्वारा विकास कार्यों की निरंतर निगरानी कर योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई**

## आबकारी अधीक्षक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज, 30 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का खुलासा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**हैदराबाद।** तेलंगाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने निजामाबाद जिले के जिला निषेध एवं आबकारी अधिकारी (आबकारी अधीक्षक) कोम्मुरी मल्लारेड्डी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में प्रकरण दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने भ्रष्टाचार और संदिग्ध माध्यमों से अर्जित संपत्तियों के आरोपों के आधार पर आरोपी अधिकारी और उसके सहयोगियों से जुड़े 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। एसीबी के अनुसार कोम्मुरी मल्लारेड्डी ने अपनी ज्ञात आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर 23 जून 2026 को उसके आवास सहित रिश्तेदारों, बेनामी व्यक्तियों और अन्य सहयोगियों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान जांच टीम को चार आवासीय मकान, एक व्यावसायिक भवन,



आठ खुले भूखंड तथा 10.23 एकड़ कृषि भूमि का पता चला। इसके अलावा आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों के नाम पर तीन बैंक लॉकर भी मिले हैं, जिन्हें जांच के दौरान खोला जाएगा। जांच में लगभग 3.31 लाख रुपये नकद, 50 लाख रुपये की बैंक जमा राशि, एक ग्रैंड विटारा कार तथा एक टीवीएस स्कूटी भी बरामद हुई है। एसीबी के अनुसार अब तक सामने आई संपत्तियों का दस्तावेजी मूल्य लगभग 30 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि इन संपत्तियों का वास्तविक बाजार मूल्य इससे कई गुना अधिक होने की संभावना है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि आरोपी अधिकारी द्वारा अर्जित अन्य संपत्तियों और निवेश की भी जांच की जा रही है।

# नेहड़ क्षेत्र में शिक्षा का नया अध्याय, आदर्श विद्या मंदिर भवन का हुआ शिलान्यास

**वंचित एवं अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों को मिलेगा बेहतर शैक्षणिक वातावरण**








पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

भीनमाल। सुदूर नेहड़ क्षेत्र के वंचित एवं अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विद्या भारती से संबद्ध कुसुमदेवी भूरसिंह राव बोरली आदर्श विद्या मंदिर, सूंथड़ी के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।

नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत भूमि पूजन के साथ हुआ, जिसके पश्चात नवीन विद्यालय भवन की आधारशिला रखी गई।

समारोह में संत कृपाराम महाराज के सानिध्य ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में शिक्षा के ऐसे केंद्र भविष्य निर्माण की मजबूत नींव साबित होते हैं। उन्होंने विद्यालय भवन निर्माण को क्षेत्र के शैक्षिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए समाज के सहयोग की सराहना की। मंत्री जोराराम कुमावत ने शिक्षा के इस पुनीत कार्य के लिए सभी सहयोगकर्ताओं एवं आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने कहा कि आदर्श विद्या मंदिर जैसे संस्थान विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति और संस्कारों का भी विकास करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आदर्श शिक्षण संस्थान, जालोर मुख्यालय भीनमाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मानसिंह, मनरूपसिंह, श्रवणसिंह राव बोरली, करणसिंह, सतीशसिंह, नरपतसिंह तथा कुसुमदेवी भूरसिंह राव परिवार बोरली के योगदान की भी सराहना की गई।

समारोह में सांसद लुंबाराम चौधरी, पूर्व सांसद देवजी पटेल, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों प्रबुद्धजन, समाजसेवी, मातृशक्ति एवं ग्रामीणों ने सहभागिता कर शिक्षा के इस अभियान को अपना समर्थन दिया। विद्यालय भवन के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा ग्रामीण अंचल में शिक्षा के नए आयाम स्थापित होंगे।

# माताराणी भटियाणी मांजीसा महोत्सव 26-27 जून को, भक्ति के साथ मिलेगा सामाजिक जागरूकता का संदेश

**भव्य भजन संध्या, ध्वजा यात्रा एवं वरघोड़ा रहेगा आकर्षण का केंद्र**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पाली/देसूरी।** भैरव नगर बस स्टैंड स्थित श्री माताराणी भटियाणी मांजीसा मंदिर में आयोजित होने वाले 15वें वार्षिक मेला महोत्सव की तैयारियां पूर्णता की ओर हैं। 26 एवं 27 जून को आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के अनुसार 26 जून को रात्रि 8 बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा मां भटियाणी के भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। भक्ति संगीत की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होंगे। महोत्सव को केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखते हुए समाजहित के विभिन्न संदेशों से भी जोड़ा गया है। कार्यक्रम में संत-महात्माओं के सानिध्य में श्रद्धालुओं को शिक्षा, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, बेटी शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति



जागरूक किया जाएगा। भोपीजी गवरीबाई राठौड़ ने कहा कि सच्ची भक्ति केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा, परोपकार, सदाचार और मानवता के मार्ग पर चलने में निहित है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सकारात्मक सोच, परिश्रम और विवेक को अपनाने का आह्वान किया। मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य घीसूलाल सेन ने बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में भाग लेते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अंधविश्वास एवं भ्रामक अफवाहों से दूर रहकर धर्म को समाज सेवा और नैतिक मूल्यों से जोड़ें।

महोत्सव के दूसरे दिन 27 जून को प्रातः 9:30 बजे ध्वजा यात्रा एवं भव्य वरघोड़ा निकाला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक के उपयोग से बचने, यातायात नियमों की पालना करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। आयोजकों का मानना है कि धार्मिक मेले और महोत्सव तभी सार्थक होते हैं जब वे समाज में भाईचारे, शिक्षा, सेवा, जागरूकता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें। इसी उद्देश्य के साथ इस वर्ष का महोत्सव श्रद्धा के साथ सामाजिक चेतना का संदेश भी देगा।

# नि:शुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर में 55 रोगी लाभान्वित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**गोगुंदा।** कला आश्रम आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बाँसड़ा द्वारा ग्राम पंचायत चाटिया खेड़ी में नि:शुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 55 रोगियों ने उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्घाटन जनप्रतिनिधि सुरेश पालीवाल ने किया। उन्होंने पंचकर्म चिकित्सा के लाभों का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से इसका लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर प्रभारी एवं चिकित्सालय उप अधीक्षक डॉ. संगीता भटनागर ने बताया कि शिविर में घुटनों का दर्द, कमर दर्द, साइटिका, लकवा, आमवात, त्वचा एवं पेट संबंधी बीमारियों से पीड़ित रोगियों का उपचार किया गया। रोगियों को अभ्यंग, स्वेदन, नस्य, कटि बस्ती, जानु बस्ती, ग्रीवा बस्ती तथा कपिंग थेरेपी जैसी पंचकर्म चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान रोगियों के बीपी, शुगर, वजन, रक्त एवं मूत्र की जांच भी की गई तथा आवश्यक आयुर्वेदिक दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गईं।

शिविर में डॉ. राकेश कटारा, डॉ. हर्षित, डॉ. अंकित, डॉ. संगीता भटनागर तथा चिकित्सा एवं सहयोगी दल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।



# लखनऊ अग्निकांड के मृतकों को दी श्रद्धांजलि सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सरकार से उठाए सवाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड में मृत लोगों की स्मृति में उदयपुर शहर के हिरण मगरी क्षेत्र में एनएसयूआई द्वारा शहर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ एवं देहात अध्यक्ष प्रदीप चौधरी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यकताओं ने मोमबत्तियां जलाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि यह हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा मानकों, अग्निशमन संसाधनों एवं प्रशासनिक सतर्कता की गंभीर कमी को उजागर करता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अग्निकांड की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्थाओं और आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जाए।



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कार्यकताओं ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को समुचित सहायता एवं न्याय मिलना चाहिए। कार्यक्रम में एनएसयूआई के शहर जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़, देहात जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, प्रदेश महासचिव गोपाल गायरी ,अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।










## मोहर्रम को लेकर सलूम्बर में सीएलजी बैठक: संवेदनशील क्षेत्रों में रहेगी विशेष निगरानी, नशामुक्त समाज के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : ईश्वर लाल सुथार**

**सलूम्बर।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (सीएलजी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक विशनाराम विश्नोई ने की। इस दौरान कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, सामाजिक समरसता तथा आपसी भाईचारा बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला पुलिस अधीक्षक विशनाराम विश्नोई ने कहा कि किसी भी पर्व और आयोजन की सफलता शांति, सौहार्द और आपसी सहयोग पर निर्भर करती है। उन्होंने सीएलजी सदस्यों से प्रशासन और पुलिस का सहयोग करने तथा क्षेत्र में होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था से जुड़ी सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की अपील की।

सलूम्बर थानाधिकारी पवन सिंह ने मोहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पुलिस गश्त को और अधिक प्रभावी



बनाया जाएगा, ताकि शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके।

### संवेदनशील क्षेत्रों में रहेगी विशेष निगरानी

थानाधिकारी पवन सिंह ने बताया कि मोहर्रम के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। साथ ही गश्त व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

### नशामुक्त समाज के निर्माण पर भी हुई चर्चा

बैठक में युवाओं और समाज को नशे से दूर रखने



के विषय पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा समाज के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। नशामुक्त समाज के निर्माण में आमजन, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का आह्वान किया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चांवला, सलूम्बर थाना पुलिस का स्टाफ, सीएलजी सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी ने मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 में प्रस्तावित संशोधनों पर सुझाव आपत्तियां आमंत्रित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011 में संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। ये संशोधन भारत सरकार की डी-रेगुलेशन एवं कम्प्लायंस बर्डन रिडक्शन पहल तथा जन विश्वास अधिनियम, 2026 के प्रावधानों के अनुरूप व्यवसाय एवं वाणिज्यिक कार्यों में सुगमता को बढ़ावा देने, अनुपालन भार को कम करने तथा नियामकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे है। विधिक माप विज्ञान अधिकारी राकेश माहेश्वरी ने बातया कि प्रस्तावित संशोधनों में विभिन्न श्रेणी के निमार्ताओं, मरम्मतकताओं एवं विक्रेताओं के लिए लाइसेंस व्यवस्था के स्थान पर स्व-घोषणा आधारित पंजीकरण प्रमाण पत्र की व्यवस्था, लाइसेंस नवीनीकरण की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्रों को सत्यापन एवं मुद्रांकन की प्रक्रिया में सम्मिलित करना, सत्यापन शुल्क का युक्तिसंगत पुनर्निर्धारण तथा विभिन्न श्रेणी के उल्लंघनकताओं के लिए अनुपातिक शमन शुल्क निर्धारित करना आदि प्रमुख प्रावधान सम्मिलित है। उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में सभी संबंधित हितधारकों, व्यापारिक संगठनों, उद्योग संघों, उपभोक्ता संगठनों एवं आमजन से सुझाव एवं आपत्तियों आमंत्रित की गई है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थाएँ इन प्रारूप नियमों के राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी सुझाव आपत्तियों ईमेल आईडी डीसीएलएम डॉट एचक्यूवन एड राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन तथा एसईसीवाई डेश फूड डेश आरजे एड एनआईसी डॉट इन पर प्रेषित कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त सुझावों आपत्तियों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

## ग्रामीण सेवा शिविरों से मिल रही राहत, त्वरित समाधान और हाथों हाथ योजनाओं का लाभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 जिले में आमजन के लिए राहत, त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को जिले की गिर्वा तहसील की लकड़वास एवं खोखरों की भागल, कुराबड़ की चाँसदा, बड़गांव की कदमाल, मावली की आमली एवं खेमपुर ग्राम पंचायत, वल्लभनगर की कीकावास ग्राम पंचायत, कानोड़ की अमरपुरा जागीर, गोगुंदा की विजयबावड़ी, सायरा की कुंडलावास, झाड़ोल की नेताजी का बारा एवं मोहम्मद फलासिया, फलासिया की मादला तथा मादड़ी, खेरवाड़ा की खेरवाड़ा एवं झुन्थरी, नयागांव की घाटी, ऋषभदेव की गडावत तथा कोटड़ा की तिलरवा, वागावत एवं काउचा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों में न केवल लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया, बल्कि कई परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सफलता की कहानियां भी सामने आई हैं। मावली तहसील की ग्राम पंचायत पलाना कलां एवं वारणी में आयोजित शिविरों में ई-धरती पोर्टल के माध्यम से 28 नामांतरण, 8 आपसी सहमति के प्रकरणों का निस्तारण, 14 राजस्व अभिलेखों का शुद्धिकरण तथा 8 रास्तों से जुड़े मामलों का समाधान किया गया। वहीं 34 पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। वारणी निवासी हीरू बाई को एक वर्ष से लंबित विधवा पेंशन प्रकरण का मौके पर समाधान कर राहत प्रदान की गई। सायरा तहसील की ग्राम पंचायत कुण्डलावास में आयोजित शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की त्वरित कार्रवाई से श्रीमती तेजा बाई को पति के निधन के मात्र 17 दिन के भीतर विधवा पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। उनके दोनों बच्चों को पालनहार योजना से जोड़ते हुए परिवार के लिए कुल 4300 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता सुनिश्चित की गई, जिससे बच्चों की शिक्षा और परिवार के भरण-पोषण को संबल मिला। बड़गांव ब्लॉक की ग्राम पंचायत कदमाल में आयोजित शिविर में निवासी मुरली मनोहर के राजस्व अभिलेखों में दर्ज नाम संबंधी त्रुटि का समाधान किया गया।

## स्काउट गाइड मंडल का 30 दिवसीय कला कौशल शिविर समापन समारोह आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल व जिला उदयपुर के तत्वावधान में आरएमवी गेलडा उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल उदयपुर में 30 दिवसीय कला कौशल शिविर का समापन समारोह बड़े ही उल्लास पूर्वक आयोजित हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि स्वर्णकार ए.एस.ओ.सी. मंडल के मनमोहन विशिष्ट अतिथि जिला कोषाध्यक्ष महक सनाढ्य, अंजना शर्मा ने जिला प्रशिक्षण आयुक्त को स्कार्फ पहनाकर व आर्ट एंड क्राफ्ट में सिखाए गए हुनर द्वारा बनाए गए गुलदस्ते देखकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ सरस्वती वंदना के साथ की गई। सी ओ गाइड अभिलाषा मिश्रा ने बताया गया कि अतिथियों ने शिविर में प्रदर्शनी का अवलोकन कर संभागियों के हुनर की सराहना की। कौशल विकास शिविर में सिखाये गये विषयों जैसे मेहंदी, कंप्यूटर, सिलाई, चित्रकला, आर्ट एंड क्राफ्ट, ब्यूटीशियन की प्रदर्शनी लगाई




गई। समापन समारोह में संभागीयो को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सीओ स्काउट सुनील कुमार सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में संभागियों द्वारा नृत्य, फैशन शो, स्केटिंग, भोपाल का छोटा ख्याल संगीत एवं गणित का जादू की प्रस्तुतियां दी गई। मनमोहन स्वर्णकार ए.एस.ओ.सी. मनमोहन ने कहा कि उदयपुर में संभागीयो को कौशल विकास शिविर के माध्यम से रोजगार के नए आयाम व अवसर भी प्रदान करती है। मंच का संचालन उमेश माली द्वारा किया गया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था देवीलाल रावत व कुशल सिकलीगर के द्वारा की गई। इस दौरान गोपाल कृष्ण जोशी, केशु लाल सालवी,





अपर्णा अग्रवाल,उर्मिला वैष्णव, सुमन, हितेश प्रजापत, महिमा जैन के साथ रेंजर निशा कुवंर, रिद्धि गहलोत ,सिद्धि गहलोत, परमेश्वरी यदुवंशी, विश्वेश्वरी यदुवंशी, सेजल गहलोत, स्काउट योगेश सोनी, हेतविक रावत उपस्थित रहे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, ब्लैक स्पॉट्स के निरीक्षण और डेटा अपलोडिंग पर दिया जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट्स के सुधार तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जिला कलेक्टर द्वारा समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में जिला कलेक्टर ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को सड़क सुरक्षा



से जुड़े मामलों में गंभीरता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने जिले में चिन्हित 20 गंभीर ब्लैक स्पॉट्स का समिति के माध्यम से निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके.बैठक में जिला कलेक्टर ने




संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आवश्यक आंकड़ों एवं सूचनाओं को निर्धारित पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपलोड किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं के विश्लेषण एवं प्रभावी रोकथाम के लिए सटीक जानकारी उपलब्ध हो सके। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित विभिन्न ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी एवं दिशा सूचक साइन बोर्ड नहीं लगाए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आवश्यक संकेतक और सुरक्षा व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) जितेंद्र ओझा, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग (सिटी) अभिनंदन कुमार जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा 28 जून को, जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित वनपाल सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन ने जिला कलक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय परीक्षा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जिला कलेक्टर संदेश नायक के निर्देशानुसार नियंत्रण कक्ष 26 एवं 27 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा 28 जून को प्रातः 9 बजे से परीक्षा संबंधी समस्त कार्य पूर्ण होने तक संचालित रहेगा। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं समन्वय के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष परीक्षा से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा। अभ्यर्थी परीक्षा संबंधी किसी भी जानकारी अथवा समस्या के लिए जिला स्तरीय परीक्षा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0141-2206699 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने परीक्षा के निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### महाकाल की पावन धरा पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नवल योग सेवा संस्थान द्वारा महाकाल की पावन धरा पर योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम आयोजित



किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों एवं योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान की निदेशक डॉ. मीना बाबेल ने योगाभ्यास करवाते हुए सभी को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के तहत योगाभ्यास के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में के.के. शर्मा, भंवरजी चौधरी, मनोज घरबड़ा, प्रीति छाजेड़, जान्हवी भाटिया, डॉ. मंजू सालवी सहित अनेक योग प्रशिक्षकों एवं साधकों ने सहभागिता की। लायंस क्लब उदयपुर लेक सिटी के अध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर ने स्वागत किया, जबकि यतीन्द्र सिंह बाबेल ने आभार व्यक्त किया। योग दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला प्रशासन एवं पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। अम्बेडकर सर्किल से महाराणा प्रताप उद्यान तक मानव श्रृंखला बनाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इस दौरान राजकीय कर्मचारियों एवं पुलिस कार्मिकों ने समाज को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है तथा जनजागरूकता से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्त राजसमंद की शपथ दिलाई गई।

### ग्रामीण सेवा शिविर में 35 वर्ष पुरानी राजस्व त्रुटि का समाधान

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत पीपड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में एक किसान की 35 वर्ष पुरानी राजस्व संबंधी समस्या का मौके पर ही समाधान कर बड़ी राहत प्रदान की गई। ग्राम पीपड़ा निवासी कृषक अभय सिंह पुत्र राम सिंह की भूमि की जमाबंदी में नाम गलत दर्ज होने के कारण उन्हें कृषि ऋण, सरकारी अनुदान एवं विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में अभय सिंह ने अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रखी। राजस्व विभाग की टीम ने दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जमाबंदी में दर्ज त्रुटि का मौके पर ही निराकरण किया। इसके बाद संशोधित जमाबंदी की प्रति भी उन्हें उपलब्ध कराई गई।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।